**Nai Dunia (Indore), 30th July 2022, Page-03**

# आइआइटी की ई-समिट में जुटेंगे पांच हजार विद्यार्थी

इंदौर। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर में 26 से 28 अगस्त तक ई-समिट समारोह होगा। इसमें विभिन्न कालेजों के पांच हजार से ज्यादा विद्यार्थी शामिल होंगे। कई प्रतियोगिताएं होंगी। आंत्रप्रेन्योरशिप से संबंधित आयोजन होंगे। इंदौर के कई स्टार्टअप संचालक और विशेषज्ञ भी एकत्रित होंगे। आयोजन के मार्केटिंग हेड साहिल सिंह शेखावत ने बताया स्टार्टअप की शुरुआत कैसे करें और इसमें फंडिंग प्राप्त करने के लिए क्या किया जाना चाहिए। इस तरह के विभिन्न विषयों पर बात होगी। हैकाथान और अन्य तरह की प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर विद्यार्थी कई गिफ्ट भी प्राप्त कर सकते हैं।